# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश से आएगा बदलाव

## दो लाख करोड़ की परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला, कई कंपनियां कर रहीं निवेश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के जरिये में उत्तर प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सर्वाधिक दो लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। जीबीसी में 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, जिनमें 20 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़ी हैं।

मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए गौतमबुद्धनगर निवेशकों की पहली पसंद बना है। नीदरलैंड की रिटेल कंपनी इंगका गौतमबुद्धनगर में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना कर रही है।

### मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां जो लगा रहीं प्लांट

| कंपनी | स्थान | प्रस्तावित निवेश | रोजगार सृजन |
|---|---|---|---|
| इंगका (रिटेल कंपनी) | गौतमबुद्धनगर | 4300 करोड़ | 500 |
| फन जू (टाय पार्क) | गौतमबुद्धनगर | 1052 करोड़ | 20 हजार |
| हायर (इलेक्ट्रानिक) | गौतमबुद्धनगर | 584 .5 करोड़ | 2700 |
| फूजी सिल्वरटेक (प्रीकास्ट सोल्यूशन प्रोवाइडर) | गौतमबुद्धनगर | 500 करोड़ | 500 |
| कलरजेट इंडिया (इंकजेट प्रिंटर) | गौतमबुद्धनगर | 128 करोड़ | 160 |
| अशोक लीलेंड (ईवी प्लांट) | लखनऊ | 1000 करोड़ | 500 |
| डालमिया सीमेंट (सीमेंट) | मीरजापुर | 3000 करोड़ | 2500 |
| रिमझिम इस्पात (स्टील) | कानपुर | 100 करोड़ | 500 |
| श्री सीमेंट (सीमेंट) | एटा | 600 करोड़ | 245 |
| पक्का (फूड सर्विस) | अयोध्या | 550 करोड़ | 600 |
| केंट आरओ | सोनभद्र | 500 करोड़ | 700 |
| कानपुर प्लास्टीपैक | कानपुर देहात | 300 करोड़ | 125 |